को हुआ था। कम्पनी की चुकता पूंजी, जिससे कम्पनी में लगायी गयी पूंजी का पता चलता है, कम्पनी-कार्य विभाग में उपलब्ध तुलन-पत्र के अनुसार निम्नलिखित है —

निम्नलिखित अवधि को समाप्त हुए वर्ष का तुलन-पत्र	लाख रु० में
31-12-1968 से 31-12-1972 तक	10 00
31 12-1973	15 00
31-12-1974 . .	20 00

पेपर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड, नई दिल्ली पर उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क तथा आयकर की बकाया राशि

9697. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) पेपर प्राडक्ट्स लिमिटेड (राहा स्थित) 14/13, अजमेरी गेट, एक्सटेंशन, दिल्ली ने गत तीन वर्षों के दौरान उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क की पृथक्-पृथक् कितनी राशि अदा की और उन पर आयकर की कितनी राशि बकाया है ; और

(ख) इस फर्म में आरम्भ से अब तक वर्षवार कितना पूंजी निवेश हुआ है, इसके भागीदार कितने हैं और वे अन्य किन उद्योगों तथा व्यापारों में भागीदार हैं, वहां उनमें से प्रत्येक ने कितनी पूंजी लगा रखी है और उन पर गत तीन वर्षों का कितना आयकर बकाया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतीश अग्रवाल) (क) आयातकर्ताओं/निर्यातकर्ताओं के संबंध में सीमा शुल्क की वसूली का कोई वर्ष-वार रिकार्ड नहीं रखा जाता है। अत गत तीन वर्षों में कम्पनी द्वारा अदा किए गए सीमा शुल्क की रकम के संबंध में सरकार के पास सूचना उपलब्ध नहीं है।

गत तीन वर्षों में कम्पनी द्वारा अदा किए गए केन्द्रीय उत्पादन शुल्क की रकम तथा कम्पनी की ओर आयकर की बकाया रकम के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है और सदन-पटल पर रख दी जायगी।

(ख) मेसर्स पेपर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, दिल्ली, कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में पंजीकृत है और इसके पंजीकरण की तारीख 12 जून 1950 है।

कम्पनी की चुकता पूंजी, जिससे कम्पनी में लगायी गयी रकम का पता चलता है, के संबंध में सूचना, कम्पनी-कार्य विभाग में उपलब्ध तुलन-पत्र के अनुसार निम्नलिखित है :—

निम्नलिखित अवधि को समाप्त हुए तुलन-पत्र की तारीख	चुकता पूंजी (रु० में)
31-7 1956 . .	9,31,997
31-7-1957 . .	9,37,677
31-7-1958 से 31-7-1959	9,38,500
31-7-1960 . .	15,97,499
31-7-1961 . .	16,00,000
31-7-1962 . .	41,82,250
31-7 1963 . .	49,96,625
31-7-1964 . .	59,76,723
31-7-1965	59,89,603
31-7 1966	59,99,590
31-7-1967	59,99,865
31-7-1968 . .	72,00,000
31-7-1969 से 31-7-1977	85,00,000

विदर्भ पेपर मिल्स लि०, नागपुर पर उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क और आयकर की बकाया राशि

9698. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान विदर्भ पेपर मिल्स लि०, द्वितीय तल-बैंक आफ महाराष्ट्र बिल्डिंग, अभयंकर रोड, सीताबर्डी, नागपुर द्वारा उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क के रूप में पृथक्-पृथक कितनी धनराशि का भुगतान किया गया और उन पर आयकर की कितनी राशि बकाया है; और

(ख) इस फर्म की स्थापना होने के बाद से अब तक इस फर्म में वर्षवार कितनी धनराशि लगायी गयी है और इस फर्म के भागीदारों की संख्या कितनी है और उन अन्य उद्योगों और व्यापारों के नाम क्या है, जिनमें वे भागीदार हैं और उनमें से प्रत्येक में कितनी धनराशि लगाई गई है और गत तीन वर्षों से सम्बन्धित आय कर की कितनी राशि उन पर बकाया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतीश अग्रवाल) : (क) आयात-कर्ताओं/निर्यात-कर्ताओं के संबंध में सीमा शुल्क की वसूली का वर्षवार कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता है। इसलिये, उक्त कम्पनी द्वारा गत तीन वर्षों में अदा किये गये सीमा शुल्क की रकम से संबंधित जानकारी सरकार के पास उपलब्ध नहीं है।